कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर), टोंक

क्रमांक : चुनाव/लो.स./2024/923 दिनांक : 24/04/2024

नोटिस

श्री विजेन्द्र
प्रत्याशी आजाद समाज पार्टी (काशीराम)
(12) टोंक–सवाईमाधोपुर
निवासी ग्राम व पोस्ट पिलोदा तहसील वजीरपुर
जिला गंगापुर सिटी

विषय :– निर्वाचन व्यय व लेखों के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय निरीक्षण पर लेखे प्रस्तुत नहीं करने बाबत्।

प्रसंग :– इस कार्यालय का पूर्व पत्रांक 864 दिनांक 16.04.2024 एवं 902 दिनांक 20.04.2024

लोकसभा आम चुनाव 2024 के निर्वाचन क्षेत्र (12) टोंक–सवाईमाधोपुर के अन्तर्गत लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 77 तथा 78 के तहत् अभ्यर्थी को नाम निर्देशन प्रस्तुत करने के दिवस से निर्वाचन व्यय लेखों का संधारण करना अनिवार्य है। आपको निर्वाचन व्यय लेखों के रख–रखाव के लिए निर्धारित प्रारूप में रजिस्टर दिया गया है।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नियुक्त व्यय प्रेक्षक महोदय द्वारा दिनांक 15.04.2024, दिनांक 19.04.2024 एवं 24.04.2024 को आप या आपके निर्वाचन अभिकर्ता/प्रतिनिधि द्वारा व्यक्तिगत रूप से उक्त रजिस्टर मय बिल वाउचर, बैंक खाते का विवरण आदि लेकर निर्वाचन व्यय लेखों का निरीक्षण करवाये जाने हेतु निर्देशित किया गया था लेकिन आप उक्त तीनों निरीक्षण में अनुपस्थित रहे।

आपकी अनुपस्थित से यह प्रतीत होता है कि आप निर्वाचन रजिस्टर का संधारण करने व निरीक्षण करवाने में रूची नही ले रहे हैं जो कि निर्वाचन से सम्बन्धित आदेशों की अवहेलना है। अतः क्यों नही आपके विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 77 तथा 78 का उल्लंघन माना जाकर नियमानुसार कार्यवाही की जावे।

अतः आप 2 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष व्यक्तिशः अथवा आपके द्वारा नियुक्त अभिकर्ता/प्रतिनिधि उपस्थित होकर अपना प्रत्युत्तर प्रस्तुत करें।

(डॉ0 सौम्या झा)
जिला निर्वाचन अधिकारी
(कलक्टर) टोंक

क्रमांक : चुनाव/लो.स./2024/924-927 दिनांक : 24/04/2024

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. श्रीमान् व्यय प्रेक्षक महोदय, लोकसभा क्षेत्र टोंक–सवाईमाधोपुर (12)
2. श्रीमान् रिटर्निंग अधिकारी, टोंक–सवाईमाधोपुर (12)
3. प्रभारी चुनाव व्यय अनुवीक्षण प्रकोष्ठ, टोंक।
4. सहायक व्यय प्रेक्षक विधानसभा क्षेत्र गंगापुर सिटी को भेजकर लेख है कि पत्र की तामील करवाना सुनिश्चित् करें।

जिला निर्वाचन अधिकारी
(कलक्टर)

RajKaj Ref
6772482

Signature valid
Digitally signed by Saumya Jha
Designation : District Electoral Officer
Date: 2024.04.24 20:35:05 IST
Reason: Approved

C:\Users\user\Desktop\vijendra.docx